फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर

विनोद कुमार व अन्य बनाम सहायक कलक्टर फास्ट ट्रेक जमवारामगढ़ व अन्य

प्रकरण संख्या 78/2022 (मुंतकिल प्रार्थना पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
05.04.2022	दरख्वास्तगुजार ने सहायक कलक्टर फास्ट ट्रेक जमवारामगढ के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 102/2021 ब–उनवानी ग्यारसी लाल बनाम रतन व अन्य में पीठासीन अधिकारी से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरणों को दीगर न्यायालय में मुंतकिल किये जाने का अनुरोध किया है। प्रकरण दर्ज रजिस्टर हो। सहायक कलक्टर फास्ट ट्रेक जमवारामगढ़ से बिन्दूवार टिप्पणी तलब हो। विपक्षीगण की तलबी हेतु रजिस्टर्ड नोटिस जारी होकर पत्रावली दिनांक 05.05.2022 को पेश हो। जिला कलक्टर जयपुर	
5-5-22	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित है। प्रार्थी अधिवक्ता ने अवगत कराया है कि सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक) जमवारामगढ के पीठासीन अधिकारी श्री विश्वामित्र मीणा का अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। प्रार्थी अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया । प्रार्थी ने लिंक पीठासीन अधिकारी श्री विश्वामित्र मीणा से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को अन्यत्र सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक) जमवारामगढ के लिंक पीठासीन अधिकारी श्री विश्वामित्र मीणा का अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से उनके विरूद्व प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभाव शुन्य (Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी का मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। (राजन विशाल) जिला कलक्टर जयपुर	